मनमानी

भाद पंचायत का मामला, कागजी प्रक्रिया में इसे पूर्ण दर्शाया गया, ग्रामीणों में आक्रोश

पांच साल से अधूरी गौशाला पर कम्प्लीट का तमगा

अनूपपुर, नवभारत। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भाद में गौशाला निर्माण का मामला गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है। वर्ष 2 फरवरी 2021 को 38 लाख 4 हजार 727 रुपए की लागत से स्वीकृत गौशाला 4-5 साल बाद भी अधूरी पड़ी है, जबकि अधूरे निर्माण पर कम्प्लीशन सर्टिफिकेट (सीसी) जारी कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार इस निर्माण कार्य को 1 वर्ष 3 माह की निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाना था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी मौके पर अधूरी संरचना साफ दिखाई दे रही है। इसके बावजूद कागजी प्रक्रिया में इसे पूर्ण दर्शाया गया है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

अब तक 23 लाख 87 हजार 686 रुपए निकाले गए

बताया जा रहा है कि अब तक 23 लाख 87 हजार 686 रुपए मटेरियल तथा 4 लाख 17 हजार 314 रुपए मजदूरी के नाम पर निकाले जा चुके हैं। लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा है और इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। गौशाला अधूरी होने के कारण मवेशी आज भी खुले में भटक रहे हैं, जिससे किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है।

कई बार अधूरे कार्य को पूर्ण करने की मांग की गई

ग्राम पंचायत भाद के सरपंच चन्द्रभान सिंह ने बताया कि कार्य अधूरा होने के बावजूद सीसी जारी कर दिया गया है, जबकि अभी राशि भी शेष है। उन्होंने कहा कि सरपंच एवं ग्रामीण कई बार सीसी हटाने और अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग कर चुके हैं।

कम्प्लीशन सर्टिफिकेट हटाने की मांग

उपसरपंच शिव प्रजापति ने बताया कि वे लगातार प्रयास कर रहे हैं कि सीसी हटाई जाए, ताकि निर्माण कार्य पुन: शुरू होकर पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि राशि शेष है और सीसी हटते ही उसका उपयोग गौशाला निर्माण में करते हुए कार्य पूरा कराया जाएगा, जिससे मवेशियों को बेहतर सुविधा मिल सके।

जब कार्य पूरा ही नहीं हुआ तो सीसी कैसे जारी किया गया

ग्रामीणों का कहना है कि जब कार्य पूरा ही नहीं हुआ तो कम्प्लीशन सर्टिफिकेट किस आधार पर जारी किया गया। नियमानुसार सीसी केवल कार्य पूर्ण होने पर ही जारी किया जाता है। ऐसे में यह मामला नियमों के पालन और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अधूरे कार्य पर जारी सीसी तत्काल हटाई जाए, शेष राशि से निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए तथा पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

योजना की प्रगति पर सवाल

भाद पंचायत की यह अधूरी गौशाला अब प्रशासन के लिए एक अहम विषय बन गई है। 4-5 साल से अधूरा निर्माण और जारी सीसी, दोनों ही योजना की प्रगति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और गौशाला का निर्माण कब तक पूरा होता है।

आवासीय क्षेत्र में कचरा डंपिंग पर भड़के पार्षद

सीएमओ को कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी



कोतमा नवभारत 28 अप्रैल। नगर पालिका परिषद कोतमा के वार्ड क्रमांक 11 और 12 में कचरा डंपिंग को लेकर विवाद गहरा गया है। वार्ड 12 की पार्षद मीना सिंह और वार्ड 11 के पार्षद नोहर सिंह ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को एक कड़ा पत्र लिखकर आवासीय क्षेत्र में किए जा रहे अवैध कचरा संग्रहण और उसे जलाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

पार्षदों ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि नगर पालिका द्वारा रिहायशी इलाकों में न केवल अवैध रूप से कचरा फेंका जा रहा है, बल्कि उसमें आग भी लगाई जा रही है। इससे निकलने वाला जहरीला धुआं स्थानीय निवासियों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है।

इन कानूनी धाराओं के उल्लंघन का दिया हवाला

पार्षदों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करते हुए इसे स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन बताया है। भारतीय दंड संहिता धारा 268, 269, 270 सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही और बीमारी फैलाने का कृत्य। ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 कचरा निपटान के नियमों की अनदेखी। पर्यावरण संरक्षण एवं जल अधिनियम: जल स्रोतों और पर्यावरण को प्रदूषित करना।

कचरा वाहनों को वार्ड में प्रवेश करने से रोकेंगे

पार्षदों ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि इस मामले की तत्काल जांच कर डंपिंग नहीं रोकी गई, तो वार्ड वासी अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कचरा वाहनों को वार्ड में प्रवेश करने से रोकेंगे। इस दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति या व्यवस्था भंग होने की संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन और सीएमओ की होगी।

इनका कहना है

आवासीय क्षेत्र में कचरा डंप करना नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है। यदि नगर पालिका प्रशासन ने इसे तुरंत नहीं रोका, तो हम वार्डवासियों के साथ मिलकर कचरा गाड़ियों का चकाजाम करने के लिए विवश होंगे।

मीना सिंह एवं नोहर सिंह, पार्षद

प्रदेश को गुलामी की ओर धकेला जा रहा : भार्गव

मप्र सरकार की कर्ज नीति पर भगवा पार्टी का हमला

अनूपपुर, नवभारत 28 अप्रैल। मध्य प्रदेश सरकार की बढ़ती कर्ज नीति को लेकर भगवा पार्टी ने तीखा विरोध दर्ज कराया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने राज्य सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगातार ऋण लेकर प्रदेश को आर्थिक रूप से निर्भर और कमजोर बनाया जा रहा है। उन्होंने इसे प्रदेश को गुलामी की ओर धकेलने जैसा कदम बताया।

भगवा पार्टी के जिला प्रवक्ता धर्मेंद्रकांत तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवकुमार भार्गव ने कहा कि बार-बार लोन लेकर सरकार आम जनता पर कर्ज का बोझ बढ़ा रही है, जिसका असर आने वाले समय में प्रदेश और देश दोनों पर गंभीर रूप से पड़ सकता है।

जनता को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

उनका कहना था कि जिस प्रकार मध्य प्रदेश सरकार लगातार ऋण ले रही है, उससे प्रदेश आर्थिक आत्मनिर्भरता से दूर होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों के नाम पर कर्ज लेना और उसका भार जनता पर डालना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। भार्गव ने कहा कि यदि यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में जनता को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और प्रदेश कर्ज के ऐसे जाल में फंस सकता है, जिससे बाहर निकलना कठिन होगा।

कक्षा 5वीं और 8वीं की पुन: परीक्षा 1 जून से

अनूपपुर, नवभारत। शिक्षण सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहे कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों के लिए पुन: परीक्षा 1 से 6 जून तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रदेश के सभी शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त विद्यालयों तथा पंजीकृत मदरसों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए होगी। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पुन: परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र के परीक्षा पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे। शाला प्रमुख, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी, बीआरसीसी एवं डीपीसी के लॉगिन के माध्यम से भी प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे।

कोतमा की बेटी अमिता जैन ने रचा इतिहास

गुजरात सिविल जज परीक्षा में हासिल की छठी रैंक

कोतमा नवभारत 28 अप्रैल। संघर्ष और संकल्प जब साथ मिलते हैं, तो सफलता कदम चूमती है। इसे चरितार्थ कर दिखाया है कोतमा की बेटी अमिता जैन ने, जिन्होंने गुजरात सिविल जज परीक्षा 2025-26 में पूरे प्रदेश में छठी रैंक हासिल कर नगर और परिवार का मान बढ़ाया है।

सोमवार को अमिता के गृह नगर पहुंचने पर स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने उनका भव्य स्वागत किया। अमिता की इस गौरवशाली उपलब्धि पर नगर निरीक्षक रत्नांबर शुक्ल ने उनके निवास पहुंचकर पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया। श्री शुक्ल ने अमिता को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए नारी सशक्तिकरण का जीवंत प्रतीक है।

सफलता का सफर

अमिता जैन की प्रारंभिक शिक्षा कोतमा के शिशु भारती और संत जोसफ स्कूल में हुई, जिसके बाद उन्होंने बिजुरी में भी शिक्षा ग्रहण की। उनके शैक्षणिक सफर के मुख्य पड़ाव इस प्रकार रहे। 2013-17 जबलपुर स्थित 'प्रतिभास्थली' में कक्षा 7वीं से 12वीं तक की पढ़ाई की। इसके बाद उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से 5 वर्षीय लॉ की डिग्री पूर्ण की। अपने दूसरे ही प्रयास में गुजरात सिविल जज परीक्षा में 6वीं रैंक प्राप्त कर नगर की पहली महिला सिविल जज बनने का गौरव हासिल किया।

सोशल मीडिया से दूरी और लक्ष्य पर ध्यान

अमिता ने सफलता का श्रेय अपनी बड़ी बहन आकांक्षा जैन, माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। युवाओं और विशेषकर न्याय के क्षेत्र में कैरियर बनाने वाली छात्राओं को संदेश देते हुए अमिता ने कहा कि कठिन परिश्रम, लगन और निरंतर अध्ययन ही सफलता की कुंजी है। आज के दौर में युवाओं को सफल होने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग न्यूनतम करना चाहिए और अपना पूरा ध्यान लक्ष्य पर केंद्रित करना चाहिए।

एक नजर में

जनसुनवाई में कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

अनूपपुर, नवभारत। जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया, जहां कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 48 आवेदन पत्रों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, डिप्टी कलेक्टर प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के दौरान तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम किरगी निवासी रामलखन महरा ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम दुलहरा निवासी बरन पटेल ने भूमि बंटवारा कराने तथा तहसील कोतमा के ग्राम सकोला निवासी सिमला भरिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।

भीषण गर्मी में बस स्टैंड में पेयजल संकट, यात्री परेशान

अनूपपुर, नवभारत। मुख्य मार्ग क्रमांक 43 अंतर्गत ग्राम पंचायत पयारी/दैखल स्थित बस स्टैंड पर भीषण गर्मी के बीच पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने से यात्रियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के इस दौर में जहां पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, वहीं बस स्टैंड पर पेयजल सुविधा का अभाव गंभीर समस्या बन गया है। जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान दिलीप बिल्डकॉन कंपनी द्वारा यहां स्थापित हैंडपंप को हटा दिया गया था। बस स्टैंड पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री खुले आसमान के नीचे अपने वाहनों का इंतजार करते हैं। ऐसे में पेयजल सुविधा न होने से उन्हें इस भीषण गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी भी नियमित रूप से आवागमन करते हैं, इसके बावजूद अब तक इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया है।

बुजुर्ग हमारे धरोहर, उनकी सेवा करना सबसे बड़ा धर्म

नवभारत, जबलपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी निराश्रित वृद्धा आश्रम में डॉ पुष्पराज पटेल ने स्थानीय वृद्धाश्रम में सेवा और आत्मीयता का संगम देखने को मिला। गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल ने बुजुर्गों के बीच पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें ताजे फल एवं ठंडी लस्सी का वितरण किया। इस अवसर पर डॉ. पटेल ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं और उनकी सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और खान-पान का विशेष ध्यान रखने की सलाह भी दी। फल और लस्सी पाकर आश्रम के बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर डॉ इमरान खान, हेमंत बड़गैया, अंकित साहू आदि उपस्थित रहे।

अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में आक्रोश

शिवसेना ने सहायक उपयंत्री को घेरा, दी आंदोलन की चेतावनी

कोतमा नवभारत 28 अप्रैल। कोतमा क्षेत्र में जारी अत्यधिक और अव्यवहारिक बिजली कटौती के विरोध में शिवसेना (कोतमा नगर इकाई) ने मोर्चा खोल दिया है।

शहडोल संभाग अध्यक्ष पवन पटेल के नेतृत्व में नगर प्रमुख बरकत कुरैशी एवं अन्य शिवसैनिकों ने मंगलवार को कोतमा सहायक उपयंत्री को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है। शिवसेना पदाधिकारियों ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भीषण गर्मी के दौरान उपभोक्ताओं ने इस उम्मीद में घंटों बिजली कटौती सही थी कि मेंटेनेंस के बाद निर्बाध बिजली मिलेगी, लेकिन मेंटेनेंस कार्य पूर्ण होने के बाद स्थिति और बदतर हो गई है।

हल्की आंधी-बारिश ने विभाग के दावों की पोल खोल दी

बीती रात हुई हल्की आंधी-बारिश ने विभाग के दावों की पोल खोल दी, जहां हर 5 मिनट में ट्रिपिंग होती रही। लहसुई, गोविंदा या किसी एक छोटे स्थान पर तकनीकी खराबी आने पर जमुना, भालूमाड़ा, 11 नंबर और कदम टोला जैसे बड़े क्षेत्रों की बिजली एक साथ काट दी जाती है।

पेड़ों की डालियां बनीं बहाना

मूरधवा जंगल या खेतों के पास बिजली लाइनों पर पेड़ की पत्ती गिरने जैसे मामूली कारणों से पूरे इलाके की सप्लाई घंटों बंद रखी जा रही है। एक फीडर में फॉल्ट होने पर पूरे सेक्शन की बिजली रोकना प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है, जबकि नियमानुसार केवल प्रभावित हिस्से को ही आइसोलेट किया जाना चाहिए।

उपभोक्ता अधिकार नियम का हो रहा उल्लंघन

यह अंधाधुंध कटौती विद्युत अधिनियम 2003 एवं उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 का खुला उल्लंघन है। इससे व्यापार, बच्चों की पढ़ाई और चिकित्सा सुविधाएं पूरी तरह ठप हैं। शिवसेना ने मांग की है कि जिस फीडर में फॉल्ट हो, केवल उसे ही बंद किया जाए, पूरे शहर की बिजली नहीं। इसके अलावा मेंटेनेंस की अग्रिम सूचना दी जाए और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए।

7 दिन का अल्टीमेटम

शिवसेना ने स्पष्ट चेतावनी दी है यदि 7 दिनों के भीतर बिजली कटौती की इस अव्यवहारिक प्रक्रिया को बंद कर तकनीकी सुधार नहीं किया गया, तो संगठन कोतमा बिजली कार्यालय के सामने उग्र धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति पर विशेष नजर

जिला पंचायत सीईओ ने दिए सख्त निर्देश

अनूपपुर, नवभारत 28 अप्रैल। जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट की आशंका को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी पेयजल संबंधी समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए जल दर्पण एप के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। सीईओ अर्चना कुमारी ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए विभाग का संपूर्ण अमला पूरी सक्रियता और सतर्कता के साथ कार्य करे, ताकि आमजन को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े।

पंप ऑपरेटर प्रशिक्षण कार्य की समीक्षा की गई

बैठक में उन्होंने पंप ऑपरेटर प्रशिक्षण कार्य की भी समीक्षा की। साथ ही सभी पीएचई इंजीनियरों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन सुबह 9 बजे अपने कार्य क्षेत्र में उपस्थित होकर फोटोग्राफ के माध्यम से अपनी उपस्थिति की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त बैठक में एफएचटीसी एवं गति शक्ति कार्यों की भी समीक्षा की गई। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाकर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम

बाड़ीखार हाईस्कूल में साईकिल वितरण समारोह आयोजित, साईकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

ग्रामीण विद्यार्थियों को मिली नई उड़ान, शिक्षा के प्रति बढ़ेगा उत्साह

जमुना कोतमा नवभारत 28 अप्रैल। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने और विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित साईकिल वितरण योजना के तहत शासकीय हाई स्कूल बाड़ीखार में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं, जिससे विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और खुशियों से भर उठा। साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान साफ झलक रही थी।

योजना विद्यार्थियों के लिए वरदान : प्रभारी प्राचार्य

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य सागर सिंह मरावी ने कहा कि शासन की यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हो रही है। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राओं को अब विद्यालय पहुंचने में आसानी होगी, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और पढ़ाई के प्रति रुचि भी मजबूत होगी।

शिक्षा ही बच्चों के जीवन का सबसे बड़ा आधार : पंडित

भारतीय किसान संघ के संभागीय अध्यक्ष एलपी बबलू पंडित ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के जीवन का सबसे बड़ा आधार है। शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाएं तभी सार्थक होंगी, जब विद्यार्थी उनका लाभ लेकर अपने भविष्य को संवारने का संकल्प लें। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

ग्रामीण अंचल में शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास : मार्को

जनपद अध्यक्ष धनमती सिंह मार्को ने कहा कि ग्रामीण अंचल में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शासन लगातार प्रयासरत है। साइकिल वितरण योजना छात्र-छात्राओं के लिए केवल सुविधा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा को मजबूती मिलेगी और वे आत्मविश्वास के साथ विद्यालय आ-जा सकेंगी।

विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी

साइकिल वितरण के बाद विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था। बच्चों ने शासन और विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी सुविधा होगी। कार्यक्रम ने न केवल विद्यार्थियों को नई सौगात दी, बल्कि शिक्षा के प्रति उनके उत्साह को भी नई दिशा प्रदान की।